प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय :– जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी कार्यकत्री/सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–11/2021/388/58–1– 2020–2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 29.01.2021 के प्रावधानों के अनुसार जनपद हमीरपुर में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रिक्त पदो के सापेक्ष दिनॉक 14.06.2021 के द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा ऑनलाईन करने की अन्तिम तिथि 01.07.2021 निर्धारित की गयी थी। तत्क्रम में जनपद के छूटे हुये आवेदको के लिए निम्नांकित विवरण के अनुसार पदो हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अन्तिम तिथि 17.08.2021 तक बढ़ायी जाती है –

क्र0सं0	परियोजना का नाम	रिक्त पदों का विवरण		
		आंगनबाड़ी कार्यकत्री	मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री	आंगनबाड़ी सहायिका
1	शहर	9	0	31
2	गोहाण्ड	14	1	21
3	सरीला	13	0	11
4	सुमेरपुर	16	1	28
5	मौदहा	44	1	73
6	राठ	7	0	17
7	कुरारा	9	2	15
8	मुस्करा	7	1	16
	कुल योग–	**119**	**06**	**212**

उपरोक्त पदों का ग्रामवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता विभागीय वेबसाइट http//balvikasup.gov.inपर अपलोड कर दिया गया है।

विशेष निर्देश :–

1. उक्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे और आवेदन केवल ऑनलाइन http//balvikasup.gov.inपर किया जा सकेगा।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल एवं सहायिका के लिये कक्षा 05 पास होना आवश्यक है। हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक के अंको को मैरिट सूची में सम्मलित किया जायेगा।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम पंचायत/वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है।
4. विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता, गरीबी रेखा के नीचे यापन करने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। गरीबी रेखा का मानक ग्रामीण क्षेत्र मे रू0 46080/– तथा शहरी क्षेत्र में रू0 56460/– वार्षिक आय होगी।
5. ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 17 अगस्त, 2021 होगी।
6. ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी एवं सहायिकाओ के पद के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी। ऑगनवाड़ी सहायिका से ऑगनवाड़ी कायकत्री के पद पर चयन हेतु अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होगी।
7. उपरोक्त पदों की अर्हता आवेदन की प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें, तथा http//shasnadesh.up.inपर से उपरोक्त शासनादेश डाउनलोड कर ठीक प्रकार से पढ़ ले अथवा सम्बन्धित बाल विकास परियोजना या जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय विकास भवन कुछेछा, हमीरपुर से जानकारी प्राप्त कर लें।

Scanned with CamScanner

8. ऑनलाइन आवेदन उसी अभ्यर्थियों के द्वारा किया जायेगा, जिनके द्वारा पूर्व में आवेदन न कर पाये हो।

9. आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं समस्त अभिलेख स्वप्रमाणित कर बन्द लिफाफे में रजिस्टर्ड डॉक से जिला कार्यक्रम अधिकारी, कार्यालय विकास भवन कुछेछा, हमीरपुर में भेजे जायेगे।

10. चयन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन मैरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से होगी।

(अभय कुमार सागर)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
हमीरपुर।

पत्रांकः C-215 /जि0का0अधि0/आं0बा0च0/2021–21/ दिनांक 06 अगस्त, 2021

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
4. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद–हमीरपुर।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, हमीरपुर को इस अनुरोध के साथ कि जनपद की वेबसाइट पर विज्ञप्ति प्रकाशित कराने हेतु।
6. समस्त तहसील/ब्लाक/ग्राम/वार्ड एवं जिला स्तर के प्रमुख कार्यालयों के सूचनापट पर चस्पा हेतु।
7. जिला सूचना अधिकारी हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार हेतु जनपद के सर्वाधिक दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. सम्पादक अमर उजाला एवं दैनिक हिन्दुस्तान कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि अपने समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित करने का कष्ट करें।

06/08/2021

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
हमीरपुर।

Scanned with CamScanner